(ख) उन्हें इतने लम्बे समय तक एक ही स्थान पर रखने के क्या कारण हैं ;

(ग) ऐसे व्यक्तियों की संख्या कितनी है जो दो अथवा तीन पदोन्नतियां लेने के बाद भी दिल्ली में नियुक्त हैं और उन की विशेष योग्यताएं हैं; और

(घ) दूरदर्शन केन्द्रों में प्रोग्राम एक्जीक्यूटिव्ज, ए० एस० डी० 'ज और एस० डी०'ज की नियुक्तियों और स्थानान्तरणों सम्बन्धी नियमों में सरकार का कब तक संशोधन करने का विचार है ?

सूचना और प्रसारण मंत्री (श्री लाल कृष्ण अडवाणी) : (क) पिछले 10 वर्षों से कोई भी कार्यक्रम एक्जीक्यूटिव, सहायक केन्द्र निदेशक, और केन्द्र निदेशक दूरदर्शन केन्द्र, नई दिल्ली, उपग्रह दूरदर्शन केन्द्र, नई दिल्ली या दूरदर्शन केन्द्र (अमृतसर), नई दिल्ली में काम नहीं कर रहा है ।

(ख) और (ग). प्रश्न नहीं उठता ।

(घ) फिलहाल, दूरदर्शन में इन पदों के भर्ती नियमों को अंतिम रूप दिए जाने तक, माध्यमों की आवश्यकताओं की पूर्ति आकाशवाणी से संबंधित इन श्रेणियों के अधिकारियों को नियुक्त कर के की जाती हैं । दूरदर्शन का इन अधिकारियों का अपना संवर्ग हो जाने पर स्थानान्तरण और नियुक्तियों को विनियमित करने वाले नियम भी बनाए जा सकते हैं ।

Release of students arrested during emergency

542. SHRI SURENDRA BIKRAM: Will the Minister of HOME AFFAIRS be pleased to state:

(a) whether some of the students arrested under DIR during emergency have not been released so far; and

(b) if so, the number of students still under arrest and reasons for their continued detention ?

THE MINISTER OF STATE IN THE MINISTRY OF HOME AFFAIRS (SHRI DHANIK LAL MANDAL): (a) and (b). While information from the States of (1) Bihar, (2) Kerala, (3) Madhya Pradesh, (4) Maharashtra, (5) Orissa, (6) Rajasthan, (7) Tamil Nadu, (8) Uttar Pradesh, and (9) West Bengal is still awaited, the remaining States and all the Union Territory Administrations have reported that no student arrested under DISIR is still in custody.

आयुध कपड़ा कारखाना, शाहजहांपुर के महाप्रबन्धक के विरुद्ध शिकायतें

543. श्री सुरेन्द्र विक्रम : क्या रक्षा मंत्री यह बताने की कृपा करेंगे कि :

(क) सरकार ने 20 मार्च, 1977 से 20 सितम्बर, 1977 तक के बीच विभिन्न कर्मचारी युनियनों से आयुध कपड़ा कारखाना, शाहजहांपुर के महाप्रबन्धक के विरुद्ध बार-बार प्राप्त हुई लिखित शिकायतों पर क्या कार्रवाई की है ; और

(ख) इन शिकायतों की जांच करने वाले अधिकारी का नाम क्या है और वे शिकायतें क्या हैं ?

रक्षा मंत्रालय में राज्य मंत्री (श्री शेर सिंह) : (क) और (ख). सरकार को आयुध निर्माणी, शाहजहांपुर के महाप्रबन्धक के विरुद्ध कर्मचारी यूनियनों से कुछ शिकायतें प्राप्त हुई थीं । इनमें अनेक पदों पर शिकायतें की गई हैं जैसे विकास कार्य को क्रियान्वित न करने, नीलामी द्वारा कुछ भवनों के निपटान में अनियमितताएं, श्रमिकों की नियुक्ति आदि कुछ शिकायतों की जांच आयुध निर्माणियों के अपर महानिदेशक (आयुध तथा उपस्कर ग्रुप), कानपुर द्वारा की गई थी और जांच से पता चला कि कार्य विधि संबंधी कुछ अनियमितताओं को छोड़ कर शेष सभी आरोप निराधार थे । जांच